# Multi Tasking Non Technical Staff and Havaldar CBIC and CBN Examination 2024

| | |
|---|---|
| Exam Date | 23/10/2024 |
| Exam Time | 9:00 AM - 11:00 AM |
| Subject | MTS Non Tech Havaldar CBIC and CBN Examination 2024 |

Section : **Numerical and Mathematical Ability**

**Q.1** चार संख्याओं 5, 19, 7 और 25 में से प्रत्येक में क्या जोड़ा जाए, ताकि उन्हें आनुपातिक बनाया जा सके?

**Ans** A). 4 B). 3 C). 1 D). 2

**Correct Answer: D**

**Q.2** किस राशि (₹ में) पर 8% प्रति वर्ष की ब्याज दर से 2 वर्षों में ₹240 का साधारण ब्याज अर्जित होगा?

**Ans** A). 1500 B). 750 C). 2500 D). 3000

**Correct Answer: A**

**Q.3** सैम ने ₹375 प्रति दर्जन की दर से 20 दर्जन खिलौने खरीदे। उसने उनमें से प्रत्येक को ₹33 की दर से बेच दिया। उसका लाभ प्रतिशत कितना था ?

**Ans** A). 4.5% B). 5.6% C). 3.5% D). 6.5%


**Correct Answer: B**

**Q.4** एक बेलन का वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल 7920 $cm^2$ है। यदि इसके आधार की त्रिज्या 21 cm है, तो इसकी ऊंचाई ______________ होगी ($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग करें)।

**Ans** A). 30 cm B). 60 cm C). 50 cm D). 40 cm

**Correct Answer: B**

**Q.5** एक कॉस्मेटिक कंपनी पाँच अलग-अलग उत्पाद उपलब्ध कराती है। निम्नलिखित बार ग्राफ़ में वर्ष 2006 और 2012 में इन पाँचों उत्पादों की बिक्री (लाख में) दर्शाई गई है।




वर्ष 2012 में सभी पाँचों कॉस्मेटिक उत्पादों की कुल बिक्री में वर्ष 2006 में सभी पाँचों कॉस्मेटिक उत्पादों की कुल बिक्री से कितने प्रतिशत (निकटतम पूर्णांक तक पूर्णांकित) की वृद्धि हुई है?

**Ans** A). 33% B). 28% C). 39% D). 42% **Correct Answer: C**

---

**Q.6** रोहित ने साधारण ब्याज पर एक धनराशि निवेश की और यह $4\frac{1}{6}$ वर्षों में स्वयं की दोगुनी हो गई। वार्षिक ब्याज की दर ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). $23\frac{1}{2}\%$ B). $25\%$ C). $24\%$ D). $22\frac{1}{2}\%$ **Correct Answer: C**

---

**Q.7** 27 cm की आंतरिक त्रिज्या वाला एक अर्धगोलाकार कटोरा तरल पदार्थ से पूरा भरा हुआ है। इस तरल पदार्थ को 12 cm व्यास और 13.5 cm ऊँचाई वाली बेलनाकार बोतलों में भरा जाना है। कटोरे को खाली करने के लिए आवश्यक बोतलों की संख्या ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 21 B). 25 C). 27 D). 29 **Correct Answer: C**

---

**Q.8** 11 व्यक्ति के औसत वजन में 4.5 kg की वृद्धि तब हो जाती है, जब उनमें से 50.5 kg वजन वाले एक व्यक्ति के स्थान पर एक नया व्यक्ति समूह में शामिल हो जाता है। नए व्यक्ति का वजन ज्ञात करें।

**Ans** A). 95.5 kg B). 100 kg C). 90.5 kg D). 98.5 kg **Correct Answer: B**

---

**Q.9** 2 वर्षों के लिए 4% वार्षिक की ब्याज दर पर उधार ली गई राशि ₹3500 पर साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 280 B). 320 C). 220 D). 240 **Correct Answer: A**

---

**Q.10** एक पेन के अंकित मूल्य पर 28%, उसके बाद 25% और 10%, उसके बाद 5% की क्रमिक छूट के बीच का अंतर ₹63 है। पेन का अंकित मूल्य ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). ₹150 B). ₹331 C). ₹165 D). ₹200 **Correct Answer: D**

---

**Q.11** ढक्कन (lid) वाले एक आइसक्रीम कोन का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल, एक निश्चित त्रिज्या वाले दूसरे वृत्त के क्षेत्रफल के बराबर है। यदि वृत्त की त्रिज्या, शंकु की तिर्यक ऊंचाई और त्रिज्या के औसत के बराबर है, तो शंकु की तिर्यक ऊंचाई और वृत्त की त्रिज्या का अनुपात ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 1 : 3 B). 3 : 1 C). 2 : 3 D). 3 : 2 **Correct Answer: D**

---

**Q.12** एक नाव धारा के अनुकूल 21 km की दूरी 3 घंटे में तय करती है और धारा के प्रतिकूल 14 km की दूरी 7 घंटे में तय करती है। नाव और नदी की चाल ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 3.2 km/h और 4.8 km/h B). 2.6 km/h और 4.8 km/h C). 4.5 km/h और 2.5 km/h D). 6.4 km/h और 4.6 km/h **Correct Answer: C**

Q.13 एक दूकानदार को ₹80 प्रति kg और ₹90 प्रति kg की गेहूँ की दो किस्मों को किस अनुपात में मिलाना चाहिए, ताकि उसे मिश्रण को ₹105 प्रति kg पर बेचकर 25% का लाभ अर्जित हो?

Ans A). 21 : 16 B). 2 : 3 C). 3 : 2 D). 6 : 7 **Correct Answer: C**

Q.14 पाँच संख्याओं का औसत 62 है। पहली दो संख्याओं का औसत 48 है और अंतिम दो संख्याओं का औसत 52 है। तीसरी संख्या क्या है?

Ans A). 95 B). 105 C). 110 D). 100 **Correct Answer: C**

Q.15 120, 200 और 225 का लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 1200 B). 2400 C). 1735 D). 1800 **Correct Answer: D**

Q.16 समान चाल से चल रही एक रेलगाड़ी 900 m और 486 m लंबे दो पुलों को क्रमशः 110 सेकंड और 70 सेकंड में पार करती है। रेलगाड़ी की लंबाई (m में) कितनी है?

Ans A). 238.5 B). 283.5 C). 253.8 D). 225.7 **Correct Answer: A**

Q.17 एक दुकानदार ₹50/लीटर पर तेल खरीदता है और उसे ₹54/लीटर पर बेचता है। बेचते समय वह 1 लीटर के स्थान पर 900 ml तेल देता है। उसका लाभ प्रतिशत क्या है?

Ans A). 21% B). 18% C). 14% D). 20% **Correct Answer: D**

Q.18 एक लड़की अपनी आय का 76% खर्च करती है। यदि उसकी आय में 18% की वृद्धि होती है और उसके व्यय में 25% की वृद्धि होती है, तो उसकी बचत में कितने प्रतिशत की वृद्धि या कमी होगी? (एक दशमलव स्थान तक गणना करें।)

Ans A). 3.8% की कमी B). 4.2% की कमी C). 3.6% की वृद्धि D). 5% की वृद्धि **Correct Answer: B**

Q.19 दी गई तालिका का अध्ययन करें और उसके बाद पूछे गए प्रश्न का उत्तर दें।
दी गई तालिका 2020-2022 के दौरान कक्षा X, XI और XII के छात्रों द्वारा प्राप्त प्रतिशत अंकों के बारे में जानकारी प्रदान करती है।

| वर्ष | प्रतिशत अंक | | |
|---|---|---|---|
| | X | XI | XII |
| 2020 | 90 | 80 | 94 |
| 2021 | 80 | 85 | 96 |
| 2022 | 70 | 90 | 98 |

2020-2022 के दौरान Xवीं और XIIवीं कक्षा के औसत प्रतिशत अंकों के बीच क्या अंतर है?

Ans A). 80% B). 18% C). 16% D). 96% **Correct Answer: C**

Q.20 41 संख्याओं का औसत 62 है। प्रथम 18 संख्याओं का औसत 65.5 है, और अंतिम 24 संख्याओं का औसत 61.5 है। यदि आरंभ से शुरू करते हुए 18वीं संख्या को हटा दी जाए, तो शेष संख्याओं का औसत कितना है?

Ans A). 61.325 B). 60.725 C). 60.5 D). 61.625 **Correct Answer: B**

## Section : Reasoning Ability and Problem Solving

Q.1 4, एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए 17 से संबंधित है। 5, उसी तर्क का अनुसरण करते हुए 26 से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए 10 निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए संख्या 13 - संख्या 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने की और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

Ans A). 101 B). 99 C). 121 D). 103 **Correct Answer: A**

**Q.2** एक निश्चित कूट भाषा में, 'LIVE' को '2648' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'EAST' को '3215' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उस भाषा में 'E' के लिए कूट क्या है?

**Ans** A). 2 B). 3 C). 5 D). 8

**Correct Answer: A**

---

**Q.3** निम्नलिखित समीकरण को सही बनाने के लिए किन दो चिह्नों को आपस में बदला जाना चाहिए?

$$30 \div 9 \times 2 + 70 - 14 = 17$$

**Ans** A). + और × B). ÷ और − C). ÷ और × D). − और +

**Correct Answer: B**

---

**Q.4** एक निश्चित कूट भाषा में, 'sparrow pigeon eagle' को '11 55 33' लिखा जाता है और 'cat eagle bat' को '33 22 99' लिखा जाता है और 'pigeon bat rat' को '22 55 88' लिखा जाता है। उस कूट भाषा में 'rat' को कैसे लिखा जाएगा?

**Ans** A). 55 B). 88 C). 33 D). 22

**Correct Answer: B**

---

**Q.5** एक निश्चित कूट भाषा में, 'ARE IS WHAT' को '11 22 44' लिखा जाता है और 'WHY HOW ARE' को '44 33 55' लिखा जाता है और 'WHO WHAT HOW' को '33 11 66' लिखा जाता है। उस कूट भाषा में 'IS' को कैसे लिखा जाएगा?

**Ans** A). 11 B). 22 C). 44 D). 33

**Correct Answer: B**

---


**Q.6** सुनीता, लोकेश, बबीता, ईशा, अकरम, आलोक और किरण एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। सुनीता, बबीता की निकटतम पड़ोसी है। लोकेश, बबीता के दाएँ से दूसरे स्थान पर बैठा है। ईशा, अकरम के दाएँ से चौथे स्थान पर बैठी है। आलोक, लोकेश के दाएँ से तीसरे स्थान पर बैठा है। ईशा, आलोक के बाएँ से दूसरे स्थान पर बैठी है। बबीता के दाएँ से तीसरे स्थान पर कौन बैठा/बैठी है?

**Ans** A). लोकेश B). आलोक C). किरण D). ईशा


**Correct Answer: D**


---


**Q.7** विकल्पों में दी गई उस आकृति की पहचान कीजिए जिसे '?' के स्थान पर रखने पर श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी।





**Ans**

A). 

B). 

C). 

D). 

**Correct Answer: A**

---


**Q.8** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही यह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निर्णय लें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी उद्यान, संग्रहालय हैं।
सभी संग्रहालय, पार्क हैं।
निष्कर्ष:
(I) कुछ संग्रहालय, उद्यान हैं।
(II) सभी उद्यान, पार्क हैं।


**Ans** A). न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II अनुसरण करता है B). केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है C). केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है D). निष्कर्ष I और निष्कर्ष II दोनों अनुसरण करते हैं


**Correct Answer: D**


**Q.9** उस विकल्प आकृति का चयन कीजिए, जिसमें दी गई आकृति उसके भाग के रूप में सन्निहित है (घुमाने की अनुमति नहीं है)।




Ans

A). 

B). 

C). 

D). 

Correct Answer: B

---

**Q.10** अंग्रेजी वर्णानुक्रम के आधार पर RXPL एक निश्चित प्रकार से OUMI से संबंधित है। ठीक उसी प्रकार TZRN, QWOK से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए PVNJ निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

Ans A). SMGK B). MSKG C). SMKG D). MSGK

Correct Answer: B

---

**Q.11** '4KC2' एक निश्चित प्रकार से '6MA4' से संबंधित है। ठीक उसी प्रकार, '3MN4', '5OL6' से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए '5NO3' निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

Ans A). 6MO7 B). 8PL6 C). 5OM7 D). 7PM5

Correct Answer: D

---

**Q.12** दिए गए कथन और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़िए। यह मानते हुए कि कथन में दी गई जानकारी सत्य है, चाहे वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निर्धारित कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा, कथन (कथनों) का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
कुछ डेस्कटॉप, मॉनिटर हैं।
कोई मॉनिटर, टेलीविजन नहीं है।

निष्कर्ष:
(I) कुछ डेस्कटॉप, टेलीविजन हैं।
(II) कुछ मॉनिटर, डेस्कटॉप हैं।

Ans A). निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं। B). न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है। C). केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। D). केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

Correct Answer: C

---


**Q.13** एक निश्चित कूट भाषा में, 'have good food' को 'ti ma ka' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'nutritious food healthy' को 'ka lu pe' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई भाषा में 'food' को किस प्रकार कूटबद्ध किया गया है?

Ans A). ma B). lu C). ti D). ka

Correct Answer: D

---

**Q.14** दी गई आकृति के उस सही दर्पण प्रतिबिंब को चुनिए, जो नीचे दर्शाए गए अनुसार दर्पण को MN पर रखने पर बनेगा।




Ans

A). 

B). 

C). 

D). 

Correct Answer: D

---

**Q.15** A, B, C, D, E, F और G एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर पीठ करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। D के दाएँ से गिनती करने पर A और D के बीच में केवल 2 व्यक्ति बैठे हैं। B और C दोनों G के निकटतम पड़ोसी हैं। F, E के ठीक बाएँ बैठा है। C के बाएँ से गिनती करने पर C और E के बीच में केवल 1 व्यक्ति बैठा है।
G के दाएँ से गिनती करने पर G और D के बीच में कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans A). 3 B). 2 C). 4 D). 1

Correct Answer: D

**Q.16** यदि '+' और '–' को आपस में बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को आपस में बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

**69 – 24 ÷ 4 × 6 + 13 = ?**

**Ans** A). 68 B). 72 C). 70 D). 86

**Correct Answer: B**

**Q.17** चार संख्या-त्रिक दिए गए हैं, जिनमें से तीन किसी न किसी प्रकार से समान हैं, जबकि एक असंगत है। उस असंगत संख्या-त्रिक का चयन कीजिए।

(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए संख्या 13 - संख्या 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने की और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

**Ans** A). (8, 16, 256) B). (3, 6, 36) C). (5, 10, 100) D). (9, 18, 320)

**Correct Answer: D**


**Q.18** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

**ISC, GPF, EMI, CJL, ?**


**Ans** A). BGP B). BGO C). AGO D). AGP


**Correct Answer: C**


**Q.19** दिए गए विकल्पों में से उस आकृति का चयन कीजिए, जो प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगी और श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण करेगी।




**Ans**

A). 

B). 

C). 

D). 

**Correct Answer: B**

**Q.20** निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

**800, 700 ,600 ,500, 400 ,?**

**Ans** A). 789 B). 656 C). 399 D). 300

**Correct Answer: D**

## Section : **General Awareness**

**Q.1** निम्नलिखित में से किस देश ने सर्वाधिक T20 महिला क्रिकेट विश्वकप खिताब जीते हैं?

**Ans** A). वेस्टइंडीज B). ऑस्ट्रेलिया C). भारत D). इंग्लैंड

**Correct Answer: B**

**Q.2** सभी प्राकृतिक भूकंप कहाँ आते हैं?

**Ans** A). स्थलमंडल (Lithosphere) B). जलमंडल (Hydrosphere) C). जीवमंडल (Biosphere) D). दुर्बलतामंडल (Asthenosphere)

**Correct Answer: A**

**Q.3** जे.जे. थॉमसन को 1898 में कौन-सा मॉडल विकसित करने के लिए जाना जाता है?

**Ans** A). गोल्ड फॉयल मॉडल (Gold foil model) B). प्लम पुडिंग मॉडल (Plum pudding model) C). आयल ड्राप मॉडल (Oil drop model) D). डबल-स्लिट मॉडल (Double-slit model)

**Correct Answer: B**

**Q.4** भारत की 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत का जनसंख्या घनत्व कितना है?

**Ans** A). 388/km$^2$ B). 360/km$^2$ C). 375/km$^2$ D). 382/km$^2$

**Correct Answer: D**

**Q.5** किसी कैदी के शीघ्र सुनवाई के अधिकार को निम्नलिखित में से किस मौलिक अधिकार में वर्गीकृत किया जाएगा?

**Ans** A). जीवन का अधिकार B). संवैधानिक उपचारों का अधिकार C). समानता का अधिकार D). शोषण के विरुद्ध अधिकार

**Correct Answer: A**

**Q.6** ज़स्कर (Zaskar) और नुब्रा (Nubra) किस नदी की सहायक नदियाँ हैं?

Ans A). गंगा B). महानदी C). सिंधु D). कावेरी

Correct Answer: C

**Q.7** यदि मच्छर द्वारा काटे जाने के बाद कोई व्यक्ति मलेरिया पॉजिटिव पाया जाता है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा सत्य होगा?
A. व्यक्ति को संतुलित आहार नहीं मिलता था।
B. मच्छर प्लाज़्मोडियम वाहक था।
C. मच्छर मलेरिया से पीड़ित था।
D. व्यक्ति को बचपन में टीका नहीं लगाया गया था।

Ans A). C B). D C). B D). A

Correct Answer: C

**Q.8** फरवरी 2024 में, उत्तराखंड उच्च न्यायालय की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश के रूप में किसने शपथ ली?

Ans A). सुजाता मनोहर (Sujata Manohar) B). रितु बाहरी (Ritu Bahri) C). ज्ञान सुधा मिश्रा (Gyan Sudha Mishra) D). रंजना देसाई (Ranjana Desai)

Correct Answer: B

**Q.9** महाकाव्य कविता, सावित्री, जिसे इसके लेखक ने 'एक किंवदंती और एक प्रतीक (A Legend and a Symbol)' के रूप में वर्णित किया है, _____ द्वारा लिखी गई थी।

Ans A). बाबा साहेब अम्बेडकर B). महात्मा फुले C). अरबिंदो घोष D). बाल गंगाधर तिलक

Correct Answer: C

**Q.10** मध्यकालीन युग के किस इतिहासकार ने यह माना कि रज़िया (Raziyya) अपने सभी भाइयों से अधिक सक्षम और योग्य थी?

Ans A). मिन्हाज-ए-सिराज (Minhaj-i-Siraj) B). मुहम्मद जुनैदी (Muhammad Junaidi) C). ताज-उद-दीन (Taj-ud-din) D). फ़खरूल-मुल्क-इसामी (Fakhrul-Mulk-Isami)

Correct Answer: A

**Q.11** भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति का प्रावधान है?

Ans A). अनुच्छेद 252 B). अनुच्छेद 119 C). अनुच्छेद 217 D). अनुच्छेद 202

Correct Answer: C

**Q.12** निम्नलिखित में से कौन-सा क्षेत्र राष्ट्रीय श्रेष्ठता पुरस्कार (National Eminence Award) द्वारा समाविष्ट (covered) नहीं किया गया है?

Ans A). सभी शैलियों और उत्पत्ति का संगीत B). साहित्य C). नृत्य D). रंगमंच

Correct Answer: B

**Q.13** किस ट्रैक एंड फील्ड (track and field) प्रतियोगिता में जल कूद (water jump) होती है?

Ans A). स्टीपलचेज़ (Steeplechase) B). बाधा दौड़ (Hurdles running) C). अनुप्रस्थ देश दौड़ (Cross country running) D). डिकैथलॉन (Decathlon)

Correct Answer: A

**Q.14** 'वन्स अ डांसर (Once a Dancer)' किसकी आत्मकथा है?

Ans A). एलेग्रा केंट (Allegra Kent) B). यामिनी कृष्णमूर्ति (Yamini Krishnamurthy) C). सुधा चंद्रन (Sudha Chandran) D). आड्री हेपबर्न (Audrey Hepburn)

Correct Answer: A

**Q.15** आईगॉट (iGOT) कर्मयोगी एक एकीकृत ऑनलाइन प्रशिक्षण मंच है, जो _________ को उनके कौशल को उन्नत करने के लिए सतत अभ्यास के अवसर प्रदान करता है।

Ans A). असंगठित श्रमिकों B). वकीलों C). व्यक्तिगत सिविल सेवा अधिकारियों D). पत्रकारों

Correct Answer: C

**Q.16** गुणसूत्रों का अभिरंजन करने के लिए (achieve staining) किस विशिष्ट रसायन का उपयोग किया जा सकता है?

Ans A). मेथनॉल (Methanol) B). एसिटोकार्मिन (Acetocarmine) C). हाइड्रोक्लोरिक अम्ल (Hydrochloric acid) D). एथेनॉल (Ethanol)

Correct Answer: B

**Q.17** निम्नलिखित में से किस राज्य में एओलेंग मोन्यू (Aoleang Monyü) मनाया जाता है, जो अप्रैल के महीने में सभी कोन्याक (Konyaks) द्वारा मनाया जाने वाला एक प्राचीन वसंत उत्सव है?

Ans A). ओडिशा B). नागालैंड C). बिहार D). तेलंगाना

Correct Answer: B

**Q.18** तक्षशिला में चिरा टोपे (Chira Tope) स्तूप का उत्खनन किसके द्वारा करवाया गया था?

Ans A). जेम्स मिल (James Mill) B). एलेक्ज़ेंडर कनिंघम (Alexander Cunningham) C). जॉन मार्शल (John Marshall) D). जेम्स प्रिंसेप (James Princip)

Correct Answer: C

**Q.19** निम्नलिखित में से किस अधिनियम में न्यायाधिकरणों की प्रणाली और हड़तालों पर प्रतिबंध लगाने का प्रावधान था?

Ans A). व्यापार विवाद अधिनियम, 1929 B). सम्मति आयु अधिनियम, 1891 C). भारत सरकार अधिनियम, 1912 D). भारतीय भागीदारी अधिनियम, 1932

Correct Answer: A

**Q.20** **'दशईं (Dashain)' और 'तिहार (Tihar)' भारत के किस पड़ोसी देश के लोकप्रिय त्योहार हैं?**

Ans A). नेपाल B). पाकिस्तान C). बांग्लादेश D). श्रीलंका

Correct Answer: A

**Q.21** **कर्नाटक गायिका बॉम्बे जयश्री को 2023 में किस संगीत पुरस्कार के लिए चुना गया है?**

Ans A). संगीत कलासारथी (Sangeetha Kalasarathy) B). संगीत कलानिधि (Sangita Kalanidhi) C). संगीत चूड़ामणि (Sangeetha Choodamani) D). संगीत कलाशिखामणि (Sangeetha Kalasikhamani)

Correct Answer: B

**Q.22** **निम्नलिखित में से कौन-सा बजटीय शासन (budgetary governance) के बारे में OECD द्वारा निर्धारित सिद्धांत नहीं है?**

Ans A). राष्ट्रीय विकास की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पूंजी बजटन ढांचे को डिजाइन करना।
B). बजट के निष्पादन की योजना, प्रबंधन और निगरानी अग्रसक्रिय रूप से की जानी चाहिए। C). यह नागरिकों को बजटीय चर्चाओं में भाग लेने की अनुमति नहीं देता है।
D). सरकार की मध्यम अवधि की रणनीतिक प्राथमिकताओं के साथ बजट का संरेखण।

Correct Answer: C

**Q.23** **विशाखापत्तनम के निकट अराकू घाटी (Araku Valley) में निम्नलिखित में से कौन-सा भारतीय आदिवासी नृत्य प्रचलित है?**

Ans A). झुमुर (Jhumur) B). बारदो छम (Bardo Chham) C). ढिमसा (Dhimsa) D). बागुरुम्बा (Bagurumba)

Correct Answer: C

**Q.24** **निम्नलिखित में से कौन-सा निजी क्षेत्र के उद्योग का उदाहरण है?**

Ans A). स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड B). लाइफ इन्शुरेंस कार्पोरेशन C). टाटा आयरन एंड स्टील कंपनी D). भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड

Correct Answer: C

**Q.25** **निम्नलिखित में से किस वर्ष में सिकंदर ने पंजाब पर आक्रमण किया और निम्नलिखित में से किस वर्ष में उसकी मृत्यु हुई?**

Ans A). 323 ईसा पूर्व और 328 ईसा पूर्व B). 326 ईसा पूर्व और 323 ईसा पूर्व C). 326 ईसा पूर्व और 327 ईसा पूर्व D). 320 ईसा पूर्व और 323 ईसा पूर्व

Correct Answer: B

## Section : English Language and Comprehension

**Q.1** **Select the INCORRECTLY spelt word in the following sentence.**
**The restaurant's specialtiy is seafood.**

Ans A). The B). restaurant's C). seafood D). specialtiy

Correct Answer: D

**Q.2** **Select the most appropriate phrase that can substitute the underlined segment in the given sentence.**
**The question paper was <u>very easy to complete</u>.**

Ans A). the last straw B). fair and square C). a piece of cake D). a snowball effect

Correct Answer: C

**Q.3** **In the following sentence the underlined part contains an error. Alternatives to the underlined part are given as options. Select the correct alternative.**
**When they left for Mexico, their house was in <u>good</u> condition than it is now.**

Ans A). better B). excellent C). more good D). best

Correct Answer: A

**Q.4** **Select the most appropriate idiom to fill in the blank.**

**We hear the judges from their ________ that only CNG buses should run in Delhi.**

Ans A). look sharp B). square meal C). melting pot D). ivory tower

Correct Answer: D

**Q.5** **Select the most appropriate meaning of the underlined word in the context of the following sentence.**

**The <u>palm</u> is a native of Malaysia. We can find them in groves.**

Ans A). A type of soil B). A pamphlet C). A type of tree D). Inner surface of the hand

Correct Answer: C

**Q.6** **Select the most appropriate synonym of the given word.**
**Preserve**

Ans A). Ignore B). Complain C). Maintain D). Consume

Correct Answer: C

**Q.7** **The following sentence has been divided into parts. One of them may contain an error. Select the part that contains the error from the given options. If you don't find any error, mark 'No error' as your answer.**

**There is only one way / to have a happier marred life / and I will learn it soon.**

Ans A). There is only one way B). and I will learn it soon. C). No error D). to have a happier marred life

Correct Answer: D

**Q.8** **Select the most appropriate meaning of the underlined word.**
**He took the right decision at that time.**

**Ans** A). Someone's liberty and freedom  B). Something which is correct  C). Something which is invalid  D). A particular direction

**Correct Answer: B**

---

**Q.9** **In the given sentence, one of the four underlined words is incorrectly spelt. Identify the INCORRECTLY spelt word.**

**The scientific community gave credance to the new research findings after rigorous testing and validation.**

**Ans** A). community  B). credance  C). validation  D). rigorous

**Correct Answer: B**

---

**Q.10** **Select the most appropriate option that can substitute the highlighted word(s) in the given sentence.**

**The fleets of Anthony were not merely defeated, also destroyed by Augustus Caesar.**

**Ans** A). not only defeated, but also destroyed  B). only defeated, and destroyed  C). merely defeated, though destroyed
D). merely defeated, however destroyed

**Correct Answer: A**

---

**Q.11** **Select the most appropriate synonym of the underlined word in the given sentence.**

**Her fear of public speaking was a major hurdle in her career.**

**Ans** A). Obstacle  B). Encouragement  C). Support  D). Stimulus

**Correct Answer: A**

---

**Q.12** **Identify the sentence with an error in the use of simple present tense.**

**Ans** A). She walks every morning.  B). We brush our teeth daily.  C). He go to school every day.  D). You do yoga every morning.

**Correct Answer: C**

---

**Q.13** **Select the most appropriate option that can substitute the underlined segment in the given sentence. If there is no need to substitute it, select 'No substitution required'.**

**The car, with all its features, were meticulously designed.**

**Ans** A). its features, was meticulously  B). No substitution required  C). it's features, were meticulously  D). its features, have meticulously

**Correct Answer: A**

---

**Q.14** **Select the most appropriate adjective to fill in the blank.**

**The Nile is the _________ river in the world.**

**Ans** A). longest  B). long  C). longer  D). most long

**Correct Answer: A**

---

**Q.15** **Select the appropriate synonym of the underlined word.**

**The bride has an exquisite face.**

**Ans** A). Ugly  B). Plain  C). Average  D). Beautiful

**Correct Answer: D**

---

**Q.16** **Select the most appropriate option that can substitute the underlined segment in the given sentence.**

**The government is developing a new test in the recruitment and training of teachers in the upcoming session.**

**Ans** A). of the recruitment and training of teachers  B). for recruitment or training of teachers  C). in recruitment and training on teachers
D). for the recruitment and training of teachers

**Correct Answer: D**

---

**Q.17** **Select the most appropriate option to fill in the blank.**

**The teacher encouraged students to cultivate a __________ attitude towards learning, embracing challenges as opportunities for growth.**

**Ans** A). resilient  B). redundant  C). stagnant  D). complacent

**Correct Answer: A**

---

**Q.18** **In the following sentence the underlined part contains an error. Below are given alternatives to the underlined part. Select the correct alternative.**
**Kanha National Park in MP is the dense forest in India.**

**Ans** A). more denser  B). denser  C). densest  D). most dense

**Correct Answer: C**

**Q.19** **Select the option that rectifies the spelling of the underlined word in the given sentence.**

**How can one justify sending sound waves into space when they cannot travel through a vacum?**

**Ans** A). vacume B). vacuum C). vaccuum D). vaccum

**Correct Answer: B**

**Q.20** **The following sentence has been split into four segments. Identify the segment that contains a grammatical error.**

**She received / an award / for her work / in a engineering field.**

**Ans** A). an award B). She received C). for her work D). in a engineering field.

**Correct Answer: D**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Fill in the blanks with the help of the alternatives given. Select the most appropriate option for each number.

How environmental problems ____1_____ different groups is a function of social inequality. Social status and power determine the _______2____ to which people can insulate themselves from environmental crises or overcome them. In some cases, their 'solutions' may actually worsen environmental disparities. In Kutch, Gujarat, where water is scarce, richer farmers have ____3____ in deep bore tubewells to tap groundwater to irrigate their fields and grow cash crops. When the rains fail, the earthen wells of the poorer villagers run dry and they do not even have water to drink. At such times, the moist green fields of the rich farmers seem to mock them. Certain environmental concerns sometimes appear to be universal concerns, not particular to ____4_____ social groups. For instance, ______5_______ air pollution or protecting biodiversity seems to be in the public interest. A sociological analysis shows, however, that how public priorities are set and how they are pursued may not be universally beneficial.

**SubQuestion No : 21**

**Q.21** **Select the most appropriate option to fill in blank number 1.**

**Ans** A). Effect B). Affect C). Partial D). Adopt

**Correct Answer: B**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Fill in the blanks with the help of the alternatives given. Select the most appropriate option for each number.

How environmental problems ____1_____ different groups is a function of social inequality. Social status and power determine the _______2____ to which people can insulate themselves from environmental crises or overcome them. In some cases, their 'solutions' may actually worsen environmental disparities. In Kutch, Gujarat, where water is scarce, richer farmers have ____3____ in deep bore tubewells to tap groundwater to irrigate their fields and grow cash crops. When the rains fail, the earthen wells of the poorer villagers run dry and they do not even have water to drink. At such times, the moist green fields of the rich farmers seem to mock them. Certain environmental concerns sometimes appear to be universal concerns, not particular to ____4_____ social groups. For instance, ______5_______ air pollution or protecting biodiversity seems to be in the public interest. A sociological analysis shows, however, that how public priorities are set and how they are pursued may not be universally beneficial.

**SubQuestion No : 22**

**Q.22** **Select the most appropriate option to fill in blank number 2.**

**Ans** A). Scope B). Various C). Expanse D). Extent

**Correct Answer: D**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Fill in the blanks with the help of the alternatives given. Select the most appropriate option for each number.

How environmental problems ____1_____ different groups is a function of social inequality. Social status and power determine the _______2____ to which people can insulate themselves from environmental crises or overcome them. In some cases, their 'solutions' may actually worsen environmental disparities. In Kutch, Gujarat, where water is scarce, richer farmers have ____3____ in deep bore tubewells to tap groundwater to irrigate their fields and grow cash crops. When the rains fail, the earthen wells of the poorer villagers run dry and they do not even have water to drink. At such times, the moist green fields of the rich farmers seem to mock them. Certain environmental concerns sometimes appear to be universal concerns, not particular to ____4_____ social groups. For instance, ______5_______ air pollution or protecting biodiversity seems to be in the public interest. A sociological analysis shows, however, that how public priorities are set and how they are pursued may not be universally beneficial.

**SubQuestion No : 23**

**Q.23** **Select the most appropriate option to fill in blank number 3.**

**Ans** A). Provided B). Capitalised C). Licensed D). Invested

**Correct Answer: D**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Fill in the blanks with the help of the alternatives given. Select the most appropriate option for each number.

How environmental problems ____1_____ different groups is a function of social inequality. Social status and power determine the _______2____ to which people can insulate themselves from environmental crises or overcome them. In some cases, their 'solutions' may actually worsen environmental disparities. In Kutch, Gujarat, where water is scarce, richer farmers have ____3____ in deep bore tubewells to tap groundwater to irrigate their fields and grow cash crops. When the rains fail, the earthen wells of the poorer villagers run dry and they do not even have water to drink. At such times, the moist green fields of the rich farmers seem to mock them. Certain environmental concerns sometimes appear to be universal concerns, not particular to ____4_____ social groups. For instance, ______5_______ air pollution or protecting biodiversity seems to be in the public interest. A sociological analysis shows, however, that how public priorities are set and how they are pursued may not be universally beneficial.

**SubQuestion No : 24**

**Q.24 Select the most appropriate option to fill in blank number 4.**

**Ans** A). Specific B). Restriction C). Indefinitely D). Exactly

**Correct Answer: A**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Fill in the blanks with the help of the alternatives given. Select the most appropriate option for each number.

How environmental problems ____1_____ different groups is a function of social inequality. Social status and power determine the _______2____ to which people can insulate themselves from environmental crises or overcome them. In some cases, their 'solutions' may actually worsen environmental disparities. In Kutch, Gujarat, where water is scarce, richer farmers have ____3____ in deep bore tubewells to tap groundwater to irrigate their fields and grow cash crops. When the rains fail, the earthen wells of the poorer villagers run dry and they do not even have water to drink. At such times, the moist green fields of the rich farmers seem to mock them. Certain environmental concerns sometimes appear to be universal concerns, not particular to ____4_____ social groups. For instance, ______5_______ air pollution or protecting biodiversity seems to be in the public interest. A sociological analysis shows, however, that how public priorities are set and how they are pursued may not be universally beneficial.

**SubQuestion No : 25**

**Q.25 Select the most appropriate option to fill in blank number 5.**

**Ans** A). Reducing B). Manipulating C). Increasing D). Abdicating

**Correct Answer: A**